







## एक नजर में

### बुजुर्ग ने पीया कीटनाशक, मौत

**रतलाम।** गुरुवार को एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। मृतक के बेटे ने आरोप लगाया है कि प्राइवेट फाइनेंस कंपनी द्वारा उनके पिता को परेशान किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इस मामले में कोर्ट से स्टे ऑर्डर भी प्राप्त किया गया था, फिर भी कंपनी की ओर से परेशान किया जा रहा था। महेश नगर स्थित नारायण पहलवान की चाल निवासी भेरूलाल चावड़ा (65) पुत्र बालाराम चावड़ा ने गुरुवार को कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। वह गैस एजेंसी में हैं। बेटे अशोक चावड़ा ने बताया कि वह साक्षी पेट्रोल पंप के पास हार-फूल की दुकान लगाते हैं। वह अपनी पत्नी जया के साथ दुकान पर थे। सुबह 11 बजे उनके पिता दुकान पर आए और बाइक लेकर घर चले गए। उस समय घर पर उनकी 8 वर्षीय पोती आराध्या और 5 वर्षीय पोता श्रेयांस मौजूद थे। कुछ देर बाद जब अशोक की पत्नी जया खाना बनाने घर गईं, तो उन्हें घर में कुछ अजीब गंध महसूस हुई। हॉल में जाकर देखा तो भेरूलाल बेसुध पड़े थे और पास में एक कीटनाशक का पैकेट पड़ा था। जया ने तुरंत अशोक को सूचित किया। अशोक ने रिशे से अपने पिता को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान दोपहर 2:50 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेटे अशोक ने बताया कि उनके पिता ने 2019 में घर बनाने के लिए फाइव स्टार प्राइवेट फाइनेंस कंपनी से 3.50 लाख रुपए का होम लोन लिया था। अब तक वे 3 लाख 30 हजार रुपए चुका चुके थे, लेकिन ब्याज के साथ कुल बकाया राशि लगभग 7 लाख रुपए हो गई थी। अशोक ने बताया कि लोन सेटलमेंट को लेकर कोर्ट में केस चल रहा था और उन्होंने स्टे ऑर्डर भी प्राप्त कर रखा था। फिर भी कंपनी के लोग लगातार आकर परेशान कर रहे थे।

### साहित्यकार प्रो. अजहर हाशमी के गीतों की संगीतमय प्रस्तुति का 12 को

**रतलाम।** साहित्यकार एवं प्रो. अजहर आशमी के गीतों की संगीतमय प्रस्तुति का आयोजन 12 जुलाई को शाम 5 बजे होटल अजंता के कॉन्फ्रेंस हॉल में होगा। आयोजनकर्ता के अनुसार गीता मनीषी, वेदों के ज्ञाता, सर्वधर्म समभाव के प्रवक्ता, सौहार्द के संदेश वाहक, सूफ़ी संत और प्रसिद्ध साहित्यकार श्रद्धेय प्रो. अज़हर हाशमी के रुहानियत से भरे गीतों और कविताओं की संगीतमय प्रस्तुति के माध्यम से एक आध्यात्मिक यात्रा, जिसका विमोचन 9 जून, 2025 श्रद्धेय अजहर हाशमी के समक्ष संक्षिप्त रूप में किया गया था। इसके साथ ही बलिहारी गुरु आपकी पुस्तक का लोकार्पण जिसमें श्रद्धेय हाशमी के प्रति उनके शिष्यों के कृतज्ञता भाव की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ काश्यप, प्रसिद्ध युवा संगीतकार हैं। वे कई वर्ष पहले श्रद्धेय हाशमी सर के प्रसिद्ध गीत मुझको रामवाला हिंदुस्तान चाहिए को संगीतबद्ध भी कर चुके हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य मनीषी और मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार करेंगे। श्रद्धेय अज़हर हाशमी की प्रसिद्ध कविताओं और गीतों की सुमधुर प्रस्तुति शहर के जाने माने संगीतकार और गायकों डॉ स्नेह पंडित, श्रीमती किरण छाबड़ा, श्रीमती संगीता जैन, जितेंद्र चौहान, अक्षद, पीयूष द्वारा दी जाएगी। उक्त आयोजन में विद्यार्थी परिवार की डॉ. अनिला कंवर, डॉ. प्रवीणा दवेसर श्वेता नागर, सतीश त्रिपाठी, हेमंत भट्ट, तुषार कोठारी ने समस्त साहित्य और संगीत प्रेमियों से सहभागिता हेतु आग्रह किया है।

### कालिका माता सत्संग हॉल में होगा श्री राम कथा का आयोजन



**रतलाम।** रतनपुरी की पावन धरा पर श्री राम कथा का आयोजन होने जा रहा है। एकल अभियान एवं श्री हरि कथा समिति द्वारा 13 से 19 जुलाई तक उक्त आयोजन कराया जाएगा। इसे लेकर समिति के द्वारा श्री कालिका माता सत्संग हॉल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें महिला समिति सदस्य भी उपस्थित रही। हरि कथा समिति एवं श्री राम कथा आयोजन समिति द्वारा कथावाचक सुश्री गीता कुमारीजी के मुखारविंद से 13 से 19 जुलाई तक उक्त आयोजन कराया जावेगा। कथा कालिका माता सत्संग हॉल में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक होगी। कथा से पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा दोपहर 12:30 बजे माणकचौक स्थित गोपालजी का बड़ा मंदिर से प्रारम्भ होकर घांस बाजार, चौमुखीपुल, नौलाईपुरा, गणेश देवरी, रानीजी का मंदिर, नाहरपुरा, पुर्णेश्वर महादेव मंदिर, श्रीमालीवास, नगर निगम, मेहंदीकुई बालाजी, गुलाब चक्कर होते हुए कालिका माता प्रांगण पहुंचेगी। तत्पश्चात् कथा आरंभ होगी।

### गुरु एवं भक्तों ने मरीजों के स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की

**रतलाम।** सिविल हॉस्पिटल परिसर स्थित सती माता मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया। इस पावन अवसर पर गुरु एवं भक्तों ने एकजुट होकर अस्पताल में भर्ती मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना की तथा प्रभु आरती का आयोजन किया। आरती का नेतृत्व रोगी कल्याण समिति के सदस्य समाजसेवी गोविंद काकानी एवं नेत्रदान प्रेरक हेमन्त मूणत के मुख्य आतिथ्य में किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागी बने। महंत मनोहरदास बैरागी के सान्निध्य में गुरुपूजन एवं चरण पादुका पूजन हुआ। इस दौरान भजनों, स्तुतियों और प्रवचनों से श्रद्धा से सराबोर वातावरण भावविभोर हो उठा। महाआरती में सभी भक्तों ने पूर्ण समर्पण भाव से भाग लेकर गुरुचरणों में अपनी आस्था अर्पित की। इसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भक्ति, सेवा और आत्मिक जागृति से ओतप्रोत यह आयोजन एक दिव्य आध्यात्मिक पर्व के रूप में पूर्ण हुआ। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें विशेष रूप से हेमन्त मूणत, गोविन्द काकानी, महेन्द्र मांदलिया, आशीष संघवी, लखनदास वैष्णव, अनिलदास वैष्णव, चेतन व्यास, धर्मेन्द्र व्यास, पप्पू शर्मा, सुरेन्द्र चौहान, शिवनारायण परमार, रीतिक भाई, गुड्डू भैय्या, मीना शुक्ला, निकुंज भाई पूर्व पार्षद सुनीता तिवारी, रीना पारख, मीना बहन, पदमनी बहन सहित अनेक श्रद्धालु एवं सेवाभावीजन सम्मिलित

### नपा ने किया 50 पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान




**जावरा।** इन्दौर स्थित ब्रिलियन्ट कन्वेशन सेन्टर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का लाईव प्रसारण शुक्रवार को नगर पालिका परिषद् हॉल में दिखाया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। उक्त कार्यक्रम नगर पालिका परिषद ने परिषद् हॉल में रखा गया। जहां उपस्थित अतिथि सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, न.पा. उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, रजत सोनी, तेजसिंह कदम ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रजवल्लीत कर किया। स्वागत भाषण प्रभारी सीएमओ राहुल शर्मा ने दिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 50 पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। अतिथि स्वागत महेश जर्मन, हरेन्द्र सेमील, दशरथ चौहान, ऋतु सोनी, वर्षा श्रोत्रिय, लक्की फरक्या, वैभव स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। अतिथि स्वागत महेश जर्मन, हरेन्द्र सेमील, दशरथ चौहान, ऋतु सोनी, वर्षा श्रोत्रिय, लक्की फरक्या, वैभव राठौर, शाहनवाज खान, राजकुमार शिन्दे, नन्दलाल मोर्य, जफर अब्बासी, दिनेश धाकड़, उस्मान, अजय विजवा आदि ने किया। उक्त कायक्रम का आभार उपयंत्री महेशचन्द्र सोनी ने माना एवं संचालन पुखराज बिडवान ने किया।

# पुलिस कर्मचारियों को किया पुरस्कृत, सलामी दी

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** एसपी के नेतृत्व में पुलिस ग्राउंड में जनरल परेड का शुक्रवार को किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक मोहन भार्रावत के नेतृत्व में परेड हुई। इस दौरान एसपी को सलामी दी गई।

**एसपी के नेतृत्व में पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित हुई जनरल परेड**





पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक मोहन भार्रावत के नेतृत्व में परेड द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों में से उत्कृष्ट वेशभूषा एवं अनुशासन प्रदर्शित करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया। परेड के समापन पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल को कमांड कराई और अनुशासन का महत्व बताया। जनरल परेड आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ, अनुशासित एवं कार्य के प्रति तत्पर बनाए रखना है। जनरल परेड के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्नआउट (वेशभूषा व अनुशासन) की समीक्षा की गई। परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम राकेश खाखा, डीएसपी ट्रैफिक आनंदस्वरुप सोनी, रक्षित निरीक्षक मोहन भार्रावत, निरीक्षक गायत्री सोनी, निरीक्षक नीलम चौंगड़, निरीक्षक सुरेंद्र गडरिया, सूबेदार श्रीमति मोनिका ठाकुर आदि पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस का धरपकड़ अभियान : 13 बदमाशों को पकड़कर निकाला जुलूस...अब तक 61 को भेजा जेल

कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। शहर के चारों थाना क्षेत्रों से 13 बदमाशों को गिरतार कर जेल भेजा गया है। पुलिस ने गिरतार बदमाशों को स्टेशन रोड थाने पर एकत्रित किया और वहां से पैदल जुलूस निकालते हुए जेल वाहन में बैठाकर एसडीएम कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। 10 जुलाई को की गई कार्रवाई में स्टेशन रोड थाने से 2, माणकचौक थाने से 3, औद्योगिक क्षेत्र और डीडी नगर थाना क्षेत्र से 4-4 अपराधियों को गिरतार किया गया। अब तक 61 को भेज भेजा गया हैं।

# दर्जनभर लोगों ने युवक को पीटा, वीडिया वायरल

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** एक युवक के साथ बेरहमी का एक वीडियो सामने आया है। शहर के महू रोड क्षेत्र का यह वीडियो बताया जा रहा है। जिसमें एक दर्जन से ज्यादा लोग, लाठी डंडों से लैस होकर एक

**पुलिस वीडियों के आधार पर कर रही आरोपियों की तलाश**

शख्स को सड़क पर गिराकर जमकर पीट रहे हैं। आरोप है कि पीटने वाले यह सभी युवक उज्जैन और आसपास के क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। जो रतलाम शहर और आसपास से सुअर चुराने के लिए यहां पहुंचे थे। इसी दौरान सुअर मलिक अमन बौरासी से इन युवकों से विवाद हो गया। जिसके बाद इन लोगों ने अमन की जमकर पिटाई कर दी। लाठी डंडों से यह लोग अमन पर टूट पड़े और उसे लहू लुहान कर मौके से फरार हो गए। रोड से गुजर रहे किसी वाहन चालक ने पिटाई का यह वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। घटना की सूचना पर रतलाम स्टेशन रोड थाना पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंचे और घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। जहां उसका उपचार जारी है। रतलाम पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। जिस फोर व्हीलर से यह आरोपी भागे हैं उसकी तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी भी खंगाल रही हैं।

### रास्ता रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम झर और सागोदी माताा मंदिर के बीच आम रोड पर हुए विवाद में 6 लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार हरिशंकर पिता गिरधारीलाल तिवारी निवासी ग्राम सेवरिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई की वहीं के निवासी जितेंद्रसिंह उर्फ भंवरलाल पिता पप्पू राजपूत का विवाद हो गया। विवाद में जितेंद्रसिंह ने साथी प्रदीप पिता बद्री, गट्टूलाल पिता शेरसिंह राजपूत, हरिअनार उर्फ छोटू पिता गट्टूलाल, लालजी पिता गट्टूलाल, धर्मेंद्र पिता बापूसिंह निवासी रोजड़का के साथ मिलकर हरिशंकर का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।



# महापौर ने किया वीन रोड़ स्वीपिंग मशीन व लोडिंग मैजिक का लोकार्पण

**रतलाम।** शहर की सड़कों की सफाई हेतु दूसरी नवीन स्वीपिंग मशीन व लोडिंग मैजिक का लोकार्पण महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, विद्युत एवं यांत्रिकी समिति प्रभारी अक्षय संघवी, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट समिति प्रभारी विशाल शर्मा, महापौर परिषद सदस्य, पार्षद व निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि शहर की सड़कों की सफाई हेतु 2 स्वीपिंग मशीन लगाई जाना है जिसके तहत दूसरी स्वदेशी स्वीपिंग मशीन व लोडिंग मैजिक निगम में आ चुकी है तथा पहली स्वीपिंग मशीन व लोडिंग मैजिक का लोकार्पण 16 जून को किया था। निगम के पास दो रोड स्वीपिंग मशीन होने से शहर की सड़कों की सफाई का कार्य तीव्र गति से होगा तथा नगर स्वच्छ व सुन्दर दिखाई देगा। रोड स्वीपिंग मशीनों के साथ लोडिंग मैजिक साथ-साथ चलेगी, निविदाकार द्वारा इस मशीनो हेतु ड्रायवर, 6-6 सफाई संरक्षक, डीजल आदि का व्यय स्वंय वहन करेगा।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, रामूभाई डाबी, पार्षद रणजीत टांक, धर्मेन्द्र रांका, योगेश पापटवाल, पार्षद प्रतिनिधि शेरू पठान, जलज सांकला, रमेशचन्द्र पांचाल, विजयसिंह चौहान, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।



# गुरु पूर्णिमा :उत्कृष्ट विद्यालय में हुए दो दिवसीय कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम श्रद्धा, संस्कृति और उत्साह के साथ हुए। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अनिता सागर एवं क्षेत्रीय पार्षद अनिता कटारा थी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सांदीपनि विद्यालय में आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। अतिथि अनिता सागर, पार्षद अनिता कटारा, एवं स्टाफ सदस्यों आरसी पांचाल, अनिल शर्मा, सुधा भट्ट आदि ने गुरु की भूमिका पर सारगर्भित वक्तव्य दिए। संचालन अर्चना टाक व आभार डॉ. ललित मेहता ने माना। विद्यालय के मनोज मूणत, शरद शर्म, माया मोर्या, दिव्या मल्ल, यशस्वी वर्मा, प्रेमलता व्यास, अनीता राठौर, हेमलता शिवहरे, डॉ.ललित मेहता, रीना कोठारी, अनिल शर्मा, सुधा भट्ट, राधा सूर्यवंशी, ताहिर अली सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

**विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति:** आयोजन में मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने गुरु के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रस्तुतियां दी। आदित्य शर्मा ने श्लोक वाचन, अंगद एवं समूह द्वारा समूह गीत, दक्षांशा एवं समूह द्वारा नृत्य नाटिका, खुशबू शर्मा ने कहानी वाचन एवं ज्योति बोडाना ने भजन की प्रस्तुति दी।

**प्रथम दिवस प्रतियोगिता:** प्रथम दिन गुरु की महत्ता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। जिसमें प्रथम पायल कुमारी (कक्षा 12), द्वितीय इशिका धाकड़ (कक्षा 11), तृतीय रागिनी कुशवाहा (कक्षा 12) रही।

**गुरु का सान्निध्य छात्र की सबसे बड़ी उपलब्धि : प्रचार्य कुमावत**

समारोह के समापन पर प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहा कि गुरु सिर्फ ज्ञान के स्रोत नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत हैं। गुरु का सान्निध्य छात्र जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।



### सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री आज आएंगे

**रतलाम।** भारत सरकार सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार शनिवार को 3.50 बजे रतलाम आएगे। प्रातः 10 बजे सांस्कृतिक सभागृह, रेलवे कॉलोनी, नियर शांतिवन गार्डन में आयोजित रोजगार मेले में सम्मिलित होगे। रात्रि 12 बजे रतलाम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगे।

# मौन साधना से वचन सिद्धि तक प्राप्त हो सकती : महासती डॉ. संयमलता

**रतलाम।** श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय महासाध्वी डॉ. संयम लताजी मसा डॉ. अमित प्रज्ञाजी मसा, डॉ. कमलप्रज्ञाजी मसा, सौरभ प्रज्ञाजी मसा आदि ठाणा-4 का नीमचौक स्थानक पर चातुर्मास तप, त्याग और आराधनामय चल रहा है।

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए डॉ. संयमलताजी मसा ने कहा कि मौन की साधना से वचन सिद्धि तक प्राप्त हो सकती है। हमारी जिंदगी माचिस की डिब्बी के समान है डिब्बी में से कब किसी समय किस तीली का नंबर आ जाए पता नहीं। अतीत में जिंदगी मौन से चलती थी, अब लोन से चलती है। मनुष्य जीवन मिलना बहुत दुर्लभ है। बचपन खेल कूद में, जवानी में हम चौड़े बाजार सकड़ा, और बुढ़ापे में लाचारी बेबसी, तो धर्म कब? महासतियाजी ने कहा कि आज किसी युवा से कहो कि प्रवचन में आओ तो कहता है की अभी मेरी उम्र नही है प्रवचन सुनने की ऐसे लोगो के लिये कहा गया है की जब हम बूढ़े होंगे खटिया में पड़े होंगे तभी हम प्रभु को याद करेंगे प्रभु का नाम रटेंगे। मीडिया प्रभारी नीलेश बाफना ने बताया कि शनिवार को सुखी कौन विषय पर प्रवचन होंगे।

### 5 लाख रुपए तक के उपचार का सुरक्षा कवच

धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी कमलप्रज्ञाजी मसा ने मौन की महिमा बताते हुए कहा कि मौन सोना है, बोलना चांदी है। व्यक्ति की अंत समय में बोली बन्द हो जाती है, क्योंकि जीवन भर जिस इन्द्रिय का अत्याधिक उपयोग किया वो इंद्री अंत समय में काम करना बंद कर देती है, उसकी शक्ति क्षीण हो जाती है। मौन से कभी किसी का नुकसान नही होता है। लेकिन बोलने या गलत बोलने से घर, परिवार, समाज, नगर, प्रदेश, देश और दुनिया में युद्ध हो जाते है। चलने में जो मजा है वो रुकने में कहां, काम करने में जो मजा है वो थकने में कहां और मौन में जो मजा है वह बकने में कहां। मौन की साधना से वचन सिद्धि तक प्राप्त हो सकती है। इंसान से बात करने के लिये फोन की जरूरत है और भगवान से बात करने के लिये मौन की जरूरत है। जो माया करता है वो बिखर जाता है और जो मौन करता है वो निखर जाता है। दिनभर में जाग्रत अवस्था में कम से कम एक घण्टे मौन रखना चाहिए।

# हार्टफुलनेस हैदराबाद ने सेंटपॉल कॉन्वेंट स्कूल में लगाया शिविर

## तीन दिवसीय ध्यान शिविर मे शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सीखे बच्चों में एकाग्रता लाने के गुर-



**जावरा।** ऐसी अवस्था जिसमें आप दिव्य यान में बैठकर परम शक्ति के ध्येय में स्थापित हो जाए। उसे ध्यान कहते है। 8 जुलाई से 10 जुलाई तक स्थानीय सेंटपॉल कॉन्वेंट स्कूल में संस्था हार्टफुलनेस ने योग और ध्यान का शिविर शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए आयोजित किया। संस्था के प्रमुख सुबोध शर्मा ने इसका संचालन किया। प्रथम दिवस डॉ उमा परमार, अनिता गांधी, स्मिता श्रीवास्तव और सुबोध शर्मा ने योग और ध्यान की आवश्यकता को समझाया। साथ ही शरीर को असीम शांति कैसे प्रदान की जाए, उस प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। डॉ उमा ने बताया कि हम दाजी के प्रशस्त मार्ग पर चलते हुए इस शून्य भाव को औरों को देने का प्रयास कर रहे है। द्वितीय दिवस उज्जैन संभाग के संस्था कॉर्डिनेटर संजय खंडेलवाल और शिवम् उज्जैन से पधारे। उन्होंने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए विचारों को शुद्ध करने और आंतरिक सफाई की क्रियाविधि सभी को समझाई। अंतिम दिवस गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर उज्जैन से डॉ संगीता पाटकर और जयंत पाटकर पधारे। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर ध्यान और योग को शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए अत्यंत आवश्यक माना। उन्होंने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के सूत्रधार और साक्षात् गुरु द्रोणाचार्य की प्रतिलिपि हैं, जो भारत वर्ष को नए होनहार देने के यज्ञ में शामिल है। आप सभी के लिए इसको आत्मसात करना आवश्यक है, ताकि भारत का भविष्य और उज्जवल हो। संस्था के प्राचार्य देवेंद्र मूणत ने बताया कि हम सदेव से उन्हीं पद्धतियों को अपनाते है, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य निर्माण हो। इस बार हमने हमारी संस्था के मूल यानि शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करवाया है।

अनुभवों को शब्दों में नहीं कर सकता बया- संस्था मैनेजर भाविक मूणत का कहना है कि विगत तीन दिवसों में मै स्वयं इस महान कार्य में सहभागी रहा और अपने आंतरिक अनुभवों को शब्दों में बयान नहीं कर सकता। फिर भी इतना जरूर कहूंगा कि ऐसा कुछ दिव्य

मेरे भीतर घटित हुआ है कि इसे मैं दीर्घकाल तक विस्मृत नहीं कर सकता। संस्था के उप प्राचार्य शालीन जोशी ने सुबोध शर्मा और बाहर से आए अतिथियों का आभार माना।

# रास्ता भटके 7 साल के बच्चे को पुलिस ने खोजा, परिजनों को सौंपा

**जावरा.** घर से निकलकर रास्ता भटकते हुए एक नाबालिग लडका ढोढर टोल प्लाजा के समीप जा पहुंचा। जिसे सूचना मिलने पर डायल 100 के जवानों ने खोजकर उसके परिजनों तक पहुंचाया। घटना बीती देर रात की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार जिले के रिंगनोद थानांतर्गत नजदीकी गांव धतरावदा निवासी गोवर्धन मइडा का 7 साल का पुत्र विशाल नंगे पांव घर से निकलकर महू-नीमच फोरलेन पर माननखेडा के निकट टोल प्लाजा से होते हुए नायरा पेट्रोल पंप के पास चला गया। घर की राह

भूल जाने के कारण वह रोने लगा। इस बीच भरत मालवीय दलौदा से अपने गांव की ओर लौट रहा था। उसने उक्त बच्चे को रोता हुआ देखा तो वह उसके पास गया और उसका नाम, पता पूछा लेकिन बच्चा कुछ बोल नहीं पाया। इसके बाद भरत ने डायल 100 पर मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही




डायल सौ के जवान शोभाराम, सन्दीप भाटी, सैनिक छत्रपालसिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और बच्चे को उसके घर पहुँचाने का भरोसा दिलाते हुए उसे चुप कराया। इसके बाद पुलिस ने उसका फोटो सोशल

मीडिया पर वायरल किया। उधर बच्चा गुम होने से परेशान परिवार वालों ने मोबाइल पर वायरल फोटो देखा तो उन्होंने तुरंत दिए गए मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सारी स्थिति बताई। डायल 100 के वाहन से पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों तक सकुशल पहुंचाया।